प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ होने की सूचना है। सुरक्षा बलों के सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर जवानों ने मोर्चा संभालते हुए लगातार जवाबी कार्रवाई जारी रखी है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है।

****

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक अब से थोड़ी देर बाद दोपहर बाद तीन बजे से झारखंड मंत्रालय में होगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली मंत्रिपरिषद की बैठक में विभिन्न विभागों के लगभग चार दर्जन प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है।

****

राजधानी रांची में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में स्कूटी रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई और उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस अधिनियम से पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी।

****

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज अपने गृह पंचायत चाराडीह में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल पंचायत भवन का उद्‌घाटन किया। इस भवन में मुखिया और सचिव के लिए अलग कार्यालयों के साथ–साथ ज्ञान कुंज नामक डिजिटल लाइब्रेरी की भी सुविधा दी गई है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण लागू होने से उनकी भागीदारी और भी सुदृढ़ होगी।

****

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि शासन का सच्चा उद्देश्य जनता को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पीछे न छूटे। नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के 72वें संस्थापक दिवस पर अपने संबोधन में श्री राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि समाज का कोई भी वर्ग और देश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहना चाहिए।

****

धनबाद–बोकारो मुख्य मार्ग पर आज उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब केंदुआडीह थाना के पास मुख्य सड़क का एक हिस्सा लगभग दो फीट तक धंस गया। सड़क धंसने के साथ ही आसपास के इलाकों में लंबी दरारें भी देखी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर केंदुआडीह पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगा दी है। प्रशासन ने इस मार्ग पर आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया है और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है।

****

पाकुड़ जिले में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आज समाहरणालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने संयुक्त रूप से पुलिस पेट्रोलिंग के लिए मुहैया कराई गई दर्जनों नई मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

****

सिमडेगा पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इस सिलसिले में पुलिस ने एक वाहन से लगभग 28 किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ एक महिला समेत तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने पूरे मामले की जानकारी दी।

****

कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत घरबरियाबर गांव में सात वर्ष के एक बच्चे की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस शव को कब्जे कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

*******समाप्त*******